आईआईएम राँची और कील बिजनेस स्कूल यूके के बीच एमओयू

आइआइएम व कील बिजनेस स्कूल यूके के बीच एमओयू

जागरण संवाददाता, रांची : आइआइएम रांची ने कील बिजनेस स्कूल, कील यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम के साथ शैक्षणिक, अनुसंधान और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी आइआइएम रांची की वैश्विक उपस्थिति को सुदृढ़ करने और प्रबंधन शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने में सहायक होगी। इस समझौते पर आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और कील बिजनेस स्कूल के निदेशक डा. स्काट बैम्ब्रिक की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. अमन कुमार, अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रबंधक तन्वी हरगवे, और अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, शोध योगदान को मजबूती और अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिले। निदेशक प्रो. श्रीवास्तव ने, इसे आइआइएम रांची की वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

एमओयू करते आइआइएम रांची और कील बिजनेस स्कूल यूके के पदाधिकारी।

Dainik Jagran_22.09.2025_P. 4

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची ने यूनाइटेड किंगडम की कील यूनिवर्सिटी के कील बिजनेस स्कूल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने दो संस्थान आए साथ

- आईआईएम और कील बिजनेस स्कूल के साथ समझौता ज्ञापन हुआ
- शिक्षा, शोध, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देंगे

रांची, विशेष संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची ने यूनाइटेड किंगडम की कील यूनिवर्सिटी के कील बिजनेस स्कूल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य शिक्षा, शोध और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है।

यह एमओयू आईआईएम, रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और कील बिजनेस स्कूल के डॉ अभिषेक ब्रहेन (सीनियर लेक्चरर, रिसर्च कोऑर्डिनेटर व टॉप-अप प्रोग्राम्स डायरेक्टर) की उपस्थिति में हुआ। यह पहल आईआईएम रांची को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रबंधन शिक्षा और शोध की दिशा में नई पहचान दिलाने में सहायक होगी। मौके पर कील बिजनेस स्कूल के निदेशक डॉ स्कॉट बैम्ब्रिक, आईआईएम रांची के डॉ अमन कुमार चेयरपर्सन इंटरनेशनल एक्सचेंज प्रोग्राम, तन्वी हरगवे मैनेजर इंटरनेशनल रिलेशन डॉ गौरव मराठे, डॉ मनीष बंसल, डॉ राधा यादव, डॉ प्रिया प्रेमी मौजूद थे। एमओयू के तहत विद्यार्थी व शिक्षक विनिमय, संयुक्त शोध और प्रकाशन, संयुक्त कार्यक्रमों का विकास, कार्यकारी शिक्षा व सम्मेलन कार्यशालाओं का संयुक्त आयोजन जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है।

Hindustan_22.09.2025_P.12

आईआईएम, रांची और कील बिजनेस स्कूल, यूके के बीच एमओयू

शैक्षणिक, अनुसंधान व सांस्कृतिक सहयोग से स्टूडेंट्स को होगा फायदा

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम, रांची ने शैक्षणिक, अनुसंधान और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए यूनाइटेड किंगडम के कील विश्वविद्यालय के कील बिजनेस स्कूल के साथ एमओयू किया। आईआईएम, रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और कील बिजनेस स्कूल, यूके में अनुसंधान समन्वयक डॉ. अभिषेक बहल की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस मौके पर प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि इससे छात्रों और शिक्षकों के लिए शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार में बहुमूल्य अवसर पैदा होंगे, साथ ही मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां भी बनेंगी। डॉ. बहल ने कहा कि यह साझेदारी अनुसंधान, ज्ञान-साझाकरण और शैक्षणिक विकास के लिए नए रास्ते खोलेगी, जिससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत और ब्रिटेन के बीच संबंध और मजबूत होंगे। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अमन कुमार, अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रबंधक तन्वी हरगवे, डॉ. गौरव मराठे, डॉ. मनीष बंसल,. डॉ. राधा यादव, डॉ. प्रिया प्रेमी, सहित अन्य संकाय सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। शैक्षणिक, अनुसंधान और सांस्कृतिक सहयोग से शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में ज्ञान, कौशल और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिलता है, जिसमें छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं और सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम शामिल होते हैं। इस तरह का सहयोग शिक्षा प्रणालियों को समृद्ध करता है, सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाता है और समुदायों के बीच संबंध बनाता है। छात्रों और शिक्षकों को नई शैक्षणिक प्रथाओं और दृष्टिकोणों का अनुभव करने का अवसर मिलता है। सहयोगियों के साथ ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने से शैक्षिक प्रणालियों में सुधार होता है।

Dainik Bhaskar_22.09.2025_P. 2